रजिस्टर्ड पत्र

# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/पीएसपी–सी/अ–2/60566/वो–1/2023–24/07 दिनांक : 10-05-2023

अतिरिक्त मुख्य सचिव
स्कूल शिक्षा विभाग,
शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर

विषयः– माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा शैक्षिक सत्र 2023–24 में प्रारम्भ किए गए नवाचार गैर सरकारी वर्चुअल विद्यालय की मान्यता प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विभाग द्वारा प्रथम बार शैक्षिक सत्र 2023–24 से गैर सरकारी वर्चुअल विद्यालय संचालन किए जाने हेतु शासन का पत्र क्रमांकः– प.9(51)शिक्षा–5/मान्यता दिशा–निर्देश/2022 दिनांक 22.12.2022 को विज्ञप्ति जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए। संस्थाओं द्वारा किए गए आवेदन के क्रम में निदेशालय स्तर पर परीक्षणोंपरान्त अग्रांकित गैर सरकारी वर्चुअल विद्यालयों को विभागीय मापदण्ड पूर्ण करने पर मान्यता प्रदान करने का निर्णय किया गया है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य एवं आधुनिकता के दौर में शिक्षा के क्षेत्र की व्यापकता को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा गैर सरकारी वर्चुअल विद्यालय की मान्यता देने का अभिनव प्रयोग किया गया है। सम्पूर्ण भारत में राजस्थान पहला राज्य होगा जो निजी क्षेत्र में वर्चुअल विद्यालय को संचालन की अनुमति प्रदान करेगा। खेल जगत से जुड़े प्रतिभावान/पदक विजेता विद्यार्थियों को अपने खेल को सुचारू रखने एवं प्रतिभा दिखाने के लिए विभिन्न स्थानों पर जाकर प्रदर्शन करना होता है, ऐसे विद्यार्थियों को खेल से जोड़े रखने के साथ–साथ अध्ययन करवाने एवं जो विद्यार्थी पारिवारिक परिस्थितियों अथवा अन्य किसी कारणों से विद्यालय में उपस्थित होकर अध्ययन नहीं कर पाते हैं, उनके लिए नियमित अध्ययन को सुचारू रूप से रखने के उद्देश्य से गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं को सत्र 2023–24 से वर्चुअल विद्यालय के संचालन की स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के नवाचार प्रारम्भ करन में राजस्थान प्रथम राज्य होने के उपलक्ष्य में गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं को संचालन की स्वीकृति का लोकार्पण कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कर कमलों से किए जाने से राजस्थान के विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक हर्ष और गौरव का विषय होगा। ताकि उक्त विद्यालयों के बारे में जानकारी राजस्थान के प्रत्येक विद्यार्थी के पास पहुंच सकेगी।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

| क्र. स. | आवेदन क्रमांक | जिला | स्कूल का नाम | वर्चुअल विद्यालय की मान्यता का स्तर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 44366 | उदयपुर | पेस ई स्कूल | 09 से 12 |
| 2 | 44052 | जोधपुर | नेहल वर्चुअल स्कूल | 09 से 12 |
| 3 | 45431 | सीकर | i 30 वर्चुअल स्कूल | 09 से 12 |
| 4 | 45217 | उदयपुर | रॉयल वर्चुअल स्कूल | 11 से 12 |
| 5 | 44702 | झुन्झुनू | जीवेम स्कूल | 09 से 12 |

## प्रस्तावित लोकार्पण के कार्यक्रम का विवरण :

- **कार्यक्रम के मुख्य अतिथि – माननीय मुख्यमंत्री महोदय**
- **कार्यक्रम के अध्यक्ष** – माननीय शिक्षा मंत्री महोदय
- **कार्यक्रम के उपाध्यक्ष** – माननीया शिक्षा राज्य मंत्री महोदया
- **कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सम्मानित सदस्यगण** :–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार 2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग 3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर 4. विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग 5. शासन उप सचिव (ग्रुप–5)

➢ **कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अन्य सदस्य** :–1. जिला शिक्षा अधिकारी (पीएसपी) 2. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, जयपुर 3. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी जयपुर 4. सहायक निदेशक (पीएसपी) 5. नोडल अधिकारी (वर्चुअल)

➢ **प्रस्तावित कार्यक्रम की रूप रेखा :–**

कार्यक्रम की प्रस्तावित मिनट–टू–मिनट रूप रेखा निम्नानुसार है :–

| क्र.स. | संबोधनकर्ता | विषय | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | अति. मुख्य सचिव महोदया, स्कूल शिक्षा विभाग | स्वागत व कार्यक्रम का परिचय | 05 मिनट |
| 2 | मुख्य सचिव महोदया | वर्चुअल विद्यालय मान्यता लोकार्पण कार्यक्रम केन्द्रित उद्बोधन | 05 मिनट |
| 3 | माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदया | उद्बोधन | 05 मिनट |
| 4 | माननीय शिक्षा मंत्री महोदय | अध्यक्षीय | 10 मिनट |
| 5 | माननीय मुख्यमंत्री महोदय | कार्यक्रम का लोकार्पण एवं ऑनलाईन अनुमोदन के साथ वर्चुअल विद्यालय प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल वार्ता | 25 मिनट |
| 6 | निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर | धन्यवाद ज्ञापन | 05 मिनट |

माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नेतृत्व में प्रायोजित प्रस्तावित कार्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2023–24 में वर्चुअल विद्यालय की मान्यता लेने वाले संस्थाओं को पीएसपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन स्वीकृति जारी की जायेगी एवं उक्त संस्था के शिक्षकगणों एवं अन्य स्टाफ से वर्चुअल माध्यम द्वारा मुख्यमंत्री महोदय रूबरू होंगें।

साथ ही निदेशक महोदय द्वारा वर्तमान परिस्थितियों में वर्चुअल विद्यालय की महत्ता के बारें में बताया जाएगा। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण विभागीय यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया जाएगा जो सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षाविद् के लिए सर्वसुलभ रहेगा।

उक्त प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अनुमति उपरांत कार्यक्रम स्थल, दिनांक एवं समय का निर्धारण किया जाना है। अतः उक्त कार्यक्रम के लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदया एवं सभी उच्च अधिकारियों से कार्यक्रम की सहमति का अनुमोदन प्राप्त किए जाने हेतु प्रस्तुत है।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

भवदीय

**(गौरव अग्रवाल)**
आई.ए.एस
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि : अग्रांकित एवं सूचनार्थ**

1. श्रीमान् विशिष्ट सहायक, मुख्यमंत्री कार्यालय, राजस्थान सरकार
2. श्रीमान् विशिष्ट सहायक, शिक्षा (प्राथमिक / माध्यमिक / संस्कृत) कला साहित्य, संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. श्रीमान् विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा शासन सचिवालय, जयपुर।
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, शिक्षा संकुल, जयपुर को निर्देशित किया जाता है कि पीएसपी पोर्टल पर आवश्यक संशोधन करवाना सुनिश्चित करावें।
5. सिस्टम एनलिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने बाबत।
6. रक्षित पत्रावली.........

जिला शिक्षा अधिकारी (पीएसपी)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर